and Employment Directorate in the year 1992-93. These reports are .still to be finalised.

आठवीं योजना की अवधि में बुनियादी सुविधाओं पर बल दिया जाना

1372. **श्री राम जेठमलानी :**

श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आठवीं पचंवर्षीय योजना की अवधि में देश में बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराने पर बल दिया गया है,

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि देश में इन सुविधाओं के लिए आवश्यक धनराशि की व्यवस्था करने हेतु सरकारी क्षेत्र के साथ-साथ निजी क्षेत्र से भी धनराशि प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए है,

(ग) इस प्रयोजन के लिए आठवीं योजना की अवधि के दौरान कुल कितनी राशि प्राप्त किए जाने का लक्ष्य निर्धारित निर्धारित किया गया था,

(घ) इसमें से सरकारी और निजी क्षेत्र से कितनी-कितनी राशि प्राप्त का लक्ष्य रखा गया था,

(ड़) वर्ष 1994-95 के अन्त तक सरकारी और निजी क्षेत्रों द्वारा इस प्रयोजन के लिए अब तक कितनी-कितनी राशि का निवेश किया गया है?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गमंग) : (क) मानव विकास आठवीं पंचवीर्षीय योजना का लक्ष्य होने के नात इसमें बुनियादी आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी गई है। पर्याप्त रोजगार का सृजन, जन संस्थाओं का निर्माण, जनसंख्या वृद्धि का नियंत्रण, प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमीकरण, निरक्षरता का उन्मूलन, सभी को स्वच्छ पेय जल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और खाद्यान्नों में आत्म निर्भरता प्राप्त करने के लिए कृषि का विकास तथा विविधीकरण इस योजना की प्राथमिकताएं हैं।

(ख) बुनियादी आवश्यकताओं के लिए आयोजना हेतु विभिन्न सरकारी एजेन्सियों और संगठनों में उपलब्ध तथ्यों के अतिरिक्त घरेलू सर्वेक्षणों के माध्यम से प्राप्त सूचना हो प्रयोग किया जाता है।

(ग), (घ) और (ड़) आठवीं योजना की प्राथमिकताओं को प्राप्त करने के लिए अर्थ व्यवस्था के सभी सेक्टर योगदान करते हैं। आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान परिकल्पित निवेश और अर्थव्यवस्था के विभिन्न सेक्टरों के लिए वर्ष 1992-93 और 1993-94 के दौरान निवेश की गई धनराशि विवरण में दी गई है। (नीचे देखिए) वर्ष 1994-95 के लिए निवेश सम्बन्धी आंकड़े उपलब्ध नहीं है।

विवरण

आठवीं योजना (1992-97) के दौरान प्रस्तावित क्षेत्रकीय निवेश तथा 1992-93 तथा 1993-94 के दौरान निवेशित राशि

		आठवीं योजना (1992-97)				
					1992-93	1993-94
क्र0 सं0	सेक्टर	सार्वजनिक	निजी	जोड़	सार्वजनिक एंव निजी	
1.	कृषि	52000	96800	148800	15965	17363
2.	खनन तथा उत्खनन	28500	11100	39600	6581	6697
3.	विनिर्माण	47100	141300	188400	33232	34589
4.	विद्युत,गैस तथा जल	29000	10120	102110	18683	21085
5.	निर्माण	3300	17240	20540	2165	2236
6.	परिवहन	49200	38710	87910	19748	22065
7.	संचार	25000	1000	26000		
8.	सेवाएं	63900	120730	184630	50401	47747
	जोड़ः	361000	437000	798000	146779	151787

स्रोत 1. आठवीं पंचवर्षीय योजना, योजना आयोग खण्ड-1, सारणी 3.15 मीपी 55

2. राष्ट्रीय लेखा आंकड़े, 1995, सी एस ओ, विवरण सं0-20